भारत सरकार

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या. 2890

दिनांक 12.12.2016 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) द्वारा स्वच्छता की स्थिति का सर्वेक्षण

2890. श्री अजय संचेतीः

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन(एनएसएसओ) ने स्वच्छता की स्थिति का सर्वेक्षण कराया है;
(ख) यदि हां, तो उक्त सर्वेक्षण से प्राप्त निष्कर्ष की प्रमुख बातों का ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सरकार उक्त सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आलोक में स्वच्छ भारत मिशन में कुछ बदलाव करने का विचार रखती है?

उत्तर

राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) जी, हाँ।

(ख) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) ने 2015 में स्वच्छता स्थिति का एक सर्वेक्षण कराया और स्वच्छता स्थिति रिपोर्ट 2016 में तथ्य प्रकाशित किए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के संबंध में सर्वेक्षण के मुख्य तथ्य निम्नवत हैं:

- 47.9 प्रतिशत लोगों की पहुँच घरेलू/सामुदायिक शौचालय तक थी और वे शौचालय का उपयोग कर रहे थे
- 45.30 प्रतिशत घरों में स्वच्छ शौचालय थे
- स्वच्छ शौचालय वाले घरों में 95.6 प्रतिशत लोग उसका उपयोग कर रहे थे
- शौचालय वाले घरों में 93.9 प्रतिशत घरों की पहुँच शौचालय में उपयोग किए जाने हेतु पानी तक थी
- 55.4 प्रतिशत परिवार खुले में शौच करते थे

(ग) सर्वेक्षण के तथ्य राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) (एसबीएम-जी) के समग्र कार्यक्रम के डाटा के लगभग समान हैं। एसबीएम (जी) का कार्यक्रम डिजाइन, रिपोर्ट में तथ्यों द्वारा इंगित विभिन्न चिंताओं एवं चुनौतियों का समाधान करती है और इसीलिए इस कार्यक्रम में कोई परिवर्तन वांछित नहीं है।